वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल:corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** अमृतसर तारीख/**Date**: 13.02.2023

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ बड़ौदा ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिए 'डिजिटल ऋण' पर अखिल भारतीय हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया

अमृतसर, 13 फ़रवरी, 2023: बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 6 फरवरी, 2023 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों हेतु 'डिजिटल ऋण' विषय पर अमृतसर (पंजाब) में अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार का आयोजन किया। अपने स्वागत संबोधन में सेमिनार की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बैंक के प्रमुख-राजभाषा एवं संसदीय समिति, श्री संजय सिंह ने कहा कि बैंक द्वारा लगातार 9 वर्षों से हिंदी माध्यम में इस तरह के अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें किसी ज्वलंत विषय पर बैंकों, वित्तीय संस्थानों एवं बीमा कंपनियों के स्टाफ सदस्यों से हिंदी में आलेख आमंत्रित किए जाते हैं एवं श्रेष्ठ आलेखों के लेखकों को प्रस्तुति हेतु सेमिनार में आमंत्रित किया जाता है। वर्तमान समय में डिजिटलीकरण को गति देने तथा इससे सदर्भित प्रक्रियाओं के विषय में जागरूकता लाने को ध्यान में रखते हुए "डिजिटल ऋण" विषय को हिंदी में विचार-मंथन हेतु चयनित किया गया।

अपने विशेष संबोधन में मुख्य आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अमृतसर सुश्री जहांजेब अख्तर ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा एक प्रासंगिक और समीचीन विषय पर हिंदी माध्यम से सेमिनार आयोजित करने हेतु सराहना की। इसी क्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक के महाप्रबंधक, श्री हेमंत कुमार सोनी ने प्रतिवर्ष बैंक द्वारा किसी ज्वलंत विषय पर सेमिनार आयोजित करने को अनुकरणीय बताया, साथ ही बैंक द्वारा सेमिनार के विषयों के चयन को भी सराहनीय बताया। तदुपरांत भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर-I), उप निदेशक,(कार्यान्वयन) श्री के.पी शर्मा ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप प्रभावी राजभाषा कार्यान्वयन की सराहना की।

उपर्युक्त सेमिनार में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की सचिव, सुश्री अंशुली आर्या, आई.ए.एस, वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा तैयार की गई प्रकाशनों और नवोन्मेषी पहलों का शुभारंभ किया गया जिनमें 'बैंकिंग में साइबर अपराध" ई-पुस्तक, एमएसएमई उत्पादों की द्विभाषिक पुस्तिका, बॉब अभिव्यक्ति ऐप 2.0 (बैंक की पत्रिकाओं से युक्त ऐप) शामिल हैं। अपने मार्गदर्शी संबोधन में बैंक द्वारा राजभाषा के प्रचार-

प्रसार हेतु किए जा रहे अभिनव पहलों की सराहना की और बैंक द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को अन्य संस्थानों के लिए अनुकरणीय बताया।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में बैंक ऑफ़ बड़ौदा, चंडीगढ़ अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, श्री विमल कुमार नेगी ने कहा कि डिजिटल भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देने में सभी बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण होने के साथ ही निर्णायक साबित होगी। अतः बैंकिंग में उन्नत तकनीक के प्रयोग में दक्षता हासिल करने के साथ-साथ डिजिटल ऋण प्रक्रियाओं की सही जानकारी होनी जरूरी है।

इस सेमिनार में बैंक ऑफ़ बड़ौदा, अमृतसर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सतपाल मेहरा और उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अशोक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों के उच्चाधिकारी सहित लगभग 100 से अधिक स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। सेमिनार को ज्ञानवर्द्धक और रोचक बनाने के उद्देश्य से सभी प्रतिभागियों हेतु "डिजिटल ऋण विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता" का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बैंक के सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा एवं संसदीय समिति) श्री पुनीत कुमार मिश्र ने किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है. बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है. अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है. हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है. यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है. बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है. बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है.

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda

- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com